हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

04 जिला युवा कांग्रेस ने निकाली किसान...



07 हरिभूमि के सामाजिक सरोकार पर प्रशासन ने...





### ऑनलाइन गेम में आरोपी हार गया था रुपए, जिसके चलते उठाया यह कदम

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग से हड़पे 3 लाख रुपए नगद व गहने

**युवती से दोस्ती करने के बाद युवक उसे ब्लैकमैल कर रहा था। युवती ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऑनलाइन गेम में पैसे हारने व इन पैसों को चुकाने के लिए आरोपी युवक ने पहले इंस्टाग्राम पर नाबालिग से दोस्ती की, फिर उससे 3 लाख रुपए हड़प लिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निर्मल श्रीवास्तव के रूप में हुई है, जो इछावर का रहने वाला है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरुपति कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने 3 सितंबर को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी निर्मल श्रीवास्तव ने उनकी नाबालिग बेटी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। बाद में उसने लडक़ी को ब्लैकमेल करके उससे 3 लाख नकद और लाखों रुपये के गहने ले लिए, जब आरोपी और पैसे मांगने लगा, तब लडक़ी ने पूरी बात अपने पिता को बताई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने एक टीम का गठन किया। टीम ने आरोपी निर्मल श्रीवास्तव और उसके साथी मयंक तिवारी को गिरफ्तार कर पूछताछ की।

#### ऑनलाइन में हार गया था आरोपी

पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी निर्मल श्रीवास्तव ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में पैसे हार गया था, जिसके लिए उसने लडक़ी से नकदी और गहने लिए थे। उसने गहनों को अलग-अलग जगहों पर गिरवी रखकर पैसे लिए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहनों की बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही है।

## मछली बाजार में हार-जीत का दाव लगाते 15 जुआरी गिरफ्तार



**सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात जुएं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मछली बाजार स्थित एक घर से 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 27 हजार 250 नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मछली बाजार के एक मकान पर छापा मारा, जहां 15 लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 3/4 पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रविंद्र यादव, उप निरीक्षक कौशलेंद्र सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक कपिल, मनोज, रामबाबू वर्मा और आरक्षक शुभम, जितेंद्र, अर्जुन, अर्जुन अंगुरिया, हमीर, दीपक, अशोक सहित पूरी टीम की भूमिका रही।

**पकड़े गए आरोपी :** हार-जीत का दाव लगा रहे आरोपियों में आमिर उर्फ रहमान पिता लाइक निवासी कसाई मंडी, मोहम्मद इमरान पिता इकबाल निवासी बद्री महल मोहम्मद फुकरान पिता मोहम्मद इदरीश निवासी कोतवाली चौराहा, मोहम्मद फैजान पिता मोहम्मद कयूम इंग्लिश पूरा, मोहम्मद जावेद पिता हमिल कुरेशी निवासी बद्री महल, मोहम्मद उमर कुरैशी पिता उस्मान मोहम्मद निवासी कसाई मंडी, साबिर पिता नसरू निवासी गल्ला मंडी, अमीन पिता रहीस निवासी इंग्लिश पुरा, अनस पिता असलम निवासी मछली बाजार, फराज रंगरेज पिता आसिफ निवासी मछली बाजार, नाजिम पिता शाकिर निवासी मछली बाजार, अजहर पिता असलम निवासी मछली बाजार, मोहम्मद मुजाहिद पिता मोहम्मद समद निवासी पलटन एरिया, मोहम्मद अशरफ पिता असगर अली निवासी छावनी एवं मोहम्मद आमिर पिता अनवर निवासी आनंद डेयरी शामिल है।

## दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए एक की डूबने से हुई मौत, दो सुरक्षित



**भैरुंदा।** थाना क्षेत्र लाड़कुई के संकोटा की सीप नदी में नहाने गए तीन दोस्त के साथ निवासी 21 साल के युवक अनुराग माहेश्वरी की नदी में नहाने के दौरान उसकी डूबने मृत्यु हो गई। हालांकि जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय व ग्रामीणों की भीड़ पहुंची और उसे बचाने की कोशिश की। इन्हे बाहर निकलते युवकं की जान जा चुकी थी। - दरअसल लाड़कुई गांव के निवासी 21 साल के युवक अनुराग माहेश्वरी अपने दो दोस्तो के साथ पड़ोस के गांव सनकोटा स्थित सीप नदी में नहाने पहुंचे। - नहाने के दौरान यह युवक एक गहरे पानी में चले गए और देखे डूबने लगा। दोनो दोस्त बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी डूबने लगे तो वह सुरक्षित बाहर निकल आए - हालांकि ग्रामीणों ने इसे बचाने की कोशिश की मगर जब इन्हे बाहर निकाला गया तो इस युवकं की मौत हो चुकी थी - सूचना के बाद भैरूंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुप्रूत किया गया इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में उमंग दिवस आज

**सीहोर।** उमंग है तो जिंदगी में रंग है₹ इस थीम पर आधारित उमंग दिवस का आयोजन 12 सितम्बर को प्रदेश के 9 हजार 300 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का लाभ 20 लाख से अधिक बच्चों को मिलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 10 जीवन कौशलों से परिचित करवाना है। कार्यक्रम की मदद से बच्चे जीवन में आने वाले चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सकेंगे। कार्यक्रम का एक और उद्देश्य है कि बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाये। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से तैयार किया गया है। जीवन कौशल शिक्षा आधारित करिकुलम और उसके संचालन में की गई पिछले 7 वर्षों की कड़ी मेहनत से बच्चों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को उत्साह के रूप में मनाना है। कार्यक्रम में बच्चे एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करते हैं और अन्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित करते है। उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम एक फ्लैगशिप प्रोग्राम है जिसमें गतिविधि आधारित कक्षावार जीवन कौशल शिक्षा के मॉड्यूल हैं जिसे शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग एवं यूनाईटेड नेशन्स पॉप्युलेशन फंड (यूएनएफपीए) की बराबर भागीदारी से मिलकर चलाया जा रहा है। प्रदेश की सभी शासकीय हाई एवं हॉयर सेकेंडरी स्कूलों में प्रत्येक मंगलवार को एक सत्र लिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई में 20 सितंबर तक प्रवेश

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेंवें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रूपये का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा,तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा। वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा।यदि विद्यार्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नही किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 02 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### जिले में अब तक 937.5 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 11 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1013.5 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 सितम्बर तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, एमएम, श्यामपुर में 879.0, आष्टा में 708.0, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984.0, बुधनी में 1308.0 तथा रेहटी 1199.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

## भैंस चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी व चोरी गया पशु व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद



**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में चोरियों की रोकथाम एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी भेरूंदा के मार्गदर्शन में थाना इछावर पुलिस द्वारा दो शातिर भैंस चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गई 02 भैंस, 01 पाड़ी तथा घटना में उपयोग किए गए 01 पिकअप वाहन को बरामद किया गया है।

9 सितंबर को फरियादी रामबाबू पिता मोतीसिंह निवासी ग्राम बावड़ियां गोसाईं, थाना इछावर द्वारा थाने में सूचना दी गई कि दिनांक 06.09.2025 की रात्रि लगभग 2:00 बजे उसके खेत से दो भैंस एवं एक पाड़ी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रकरण में थाना इछावर में अपराध क्रमांक 284/25, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षक पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीम ग्राम नानसा से गाड़ी के मालिक रामेश्वर गुर्जर की पहचान होने पर उसे पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने अपने साथी दीपक यादव निवासी ग्राम इटावा खुर्द के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों ने चोरी गई भैंसों को रामेश्वर के खेत पर स्थित झोपड़ी में छिपाकर रखना बताया, जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर विधिवत कार्रवाई करते हुए चोरी गई 2 भैंस, 1 पाड़ी (कुल कीमत लगभग 2,50,000/-) एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन (अनुमानित कीमत 5,00,000/-) को जप्त किया। कुल जप्त मशरुका की अनुमानित कीमत 7,50,000/- है।

## पितृगणों के नाम पर 11 हजार पौधा लगाएगा अखिल विश्व गायत्री परिवार

### मातृ शक्ति अखंड-दीप जन्म शताब्दी वर्ष के पावन पर्व पर...



**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति अखण्ड-दीप जन्म शताब्दी वर्ष के पावन पर्व पर पितृ गणों के नाम पर 11 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधारोपण जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ जिले के ग्राम सेमरा दाँगी स्थित प्राचीन साबल माता बाडली मंदिर पहाड़ी पर 1100 पौधों का रोपण कर 13 सितंबर शनिवार को किया जाएगा। इस से पहले 12 सितंबर शुक्रवार की शाम ग्राम के प्रमुख मार्गो से दीपयज्ञ और वृक्षगंगा कांवड यात्रा निकाली जाएगी। गायत्री परिवार के द्वारा आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनोहर दांगी ने बताया कि पौधारोपण आयोजन में उपस्थित जन समुदाय को एक-एक वृक्ष वृक्षगंगा अभियान के अंतर्गत सप्रेम भेट किया जाएगा। श्रद्धालुजन अपने पितरों के निमित्त एक पौधा अपने हाथ से रोपित करेंगे।श्रद्धावानजनों को गायत्री परिवार पितृ पक्ष में तरुपुत्र तरुमित्र महायज्ञ में भागीदारी कर अपने रूठे असंतुष्ट पूर्वज पितृ गणों को तृप्त करने का महान सु अवसर प्रदान कर रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन मानव धन,सनातन संस्कृति का वैज्ञानिक महत्व,108 वेदीय दीप महायज्ञ,अखंड ज्योति के दिव्य प्रकाश से दिव्य जीवन की यात्रा विषय पर वरिष्ठजनों के व्याख्यान होंगे।

जिला संयोजक मनोहर दांगी ने कहा कि शास्त्र में वर्णन आता है कि दस कुओं के बराबर एक वावड़ी तथा दस वावड़ी के समान एक सरोवर बनाने का पुण्य फल एक संस्कार वान पुत्र पैदा करने से मिलता है साथ ही यदि संतान संस्कार वान न निकली तो कुसंस्कारी संतानों के कुकर्मों से पितर नर्क में गिरते है किन्तु ऐसे 10 पुत्रों को पैदा कर उनकी परवरिश करने का पुण्य फल मात्र एक पौधा लगाने से प्राप्त हो जाता है, चूँकि पौधा कोई कुकृत्य करते नहीं इसलिए इस अपार पुण्य कार्य का सुफल प्राप्त होता है और स्वर्गीय पूर्वजों पुरखों का आशीर्वाद भी मिलता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज के मध्य प्रदेश जोन प्रभारी जगदीश चंद्र कुलमी, जोनल समन्वयक मध्य प्रदेश राजेश पटेल, राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ प्रभारी केदार प्रसाद दुबे,उप जोन समन्वयक रघुनाथ प्रसाद हजारी, जिला समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा, युग्मनीषी पं. मेवालाल पाटीदार, आयोजक मंडल के अनिल सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह एवं समस्त गायत्री परिजनों ने श्रद्धालुजनों से पौधरोपण दीपयज्ञ वृक्षगंगा कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## पुलिस अफसरों ने चेक की डायल 112 की रियल्टी...



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्या आपकी आपातकालीन कॉल पर पुलिस समय पर पहुंचेगी। इसी सवाल का जवाब ढूंढने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने जिले के सभी एसडीओपी और सीएसपी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में डायल 112 वाहनों का अचानक निरीक्षण करें। यह निरीक्षण किसी पूर्व सूचना के बिना किया गया था ताकि जमीनी हकीकत का पता लगाया जा सके।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों और ड्राइवरों की उपस्थिति की जांच की, बल्कि उन्होंने वाहनों में लगे सभी तकनीकी उपकरणों को भी बारीकी से परखा। इसमें एमडीटी, जीपीएस, बॉडी कैमरा और वायरलेस सिस्टम जैसी जरूरी चीजें शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान जहां भी छोटी-मोटी खामियां मिलीं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि डायल 112 पर आने वाली हर कॉल सही तरीके से अटेंड हो रही है और वाहन तय समय पर घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### काली पट्टी बांधकर सहकारिता कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# सहकारिता समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चौथे दिन कलम बंद आंदोलन में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्य प्रदेश सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बार-बार हड़ताल और ज्ञापन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं हो रही है। सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 8 सितंबर से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में हड़ताल पर है। गुरूवार को हड़ताल के चौथे दिन सहकारिता कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बी एस चौहान भी कर्मचारियों की हड़ताल में शामिल हुए। सहकारिता कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। सीहोर जिले के समस्त सहकारिता समिति के प्रबंधक और कर्मचारी भी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों की मांग है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन तत्काल चयन होना चाहिए। साथ ही अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है जो मात्र 18 जिलों को मिला है लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है। जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए। साथ ही सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे। क्योंकि बार-बार अधिकारियों के द्वारा केवल हमें आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

द्वितीय पुण्यतिथि



नास्ति मातृसमा छाया,
नास्ति मातृसमा गतिः।
-स्कंद पुरण (6.103)

स्व. श्रीमती सत्यवती उपाध्याय
(08/09/1942) - (12/09/2023)

"माँ हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी ममता की छवि आज भी है।"

श्राद्धावनत्:-
श्री महेश चंद्र उपाध्याय (पति), श्री नारायण प्रसाद उपाध्याय, श्री महेंद्र कुमार उपाध्याय (भतीजे),
श्री अनिल कुमार उपाध्याय, श्री सुनील कुमार उपाध्याय,
श्री हेमंत कुमार उपाध्याय (पुत्रगण) एवं समस्त उपाध्याय परिवार ।

निज निवास जगन्नाथ धाम,
मंडी थाने के पास, सीहोर (मध्य प्रदेश)।

**खबर संक्षेप**

### महिलाओं और बच्चों के लिए हेल्पलाइन 181 और 1098 बनी संबल

**सीहोर।** जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के लिए प्रदेश में चलाई जा रही हैल्पलाइन 181 और 1098 संबल बन गई है। महिला एवं बाल विकास सचिव ने विभागीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर हैल्पलाइन नम्बर 181 (महिला हैल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल प्रबंधन, शिकायत पंजीकरण एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया का विस्तृत अवलोकन किया। सचिव रश्मि ने कॉल रिस्पॉन्स, डेटा प्रबंधन प्रणाली तथा आपात स्थितियों में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी चुनौतियों की जानकारी भी प्राप्त की। श्रीमती रश्मि ने कहा कि हैल्पलाइन का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं है, बल्कि प्रत्येक पीड़ित महिला और बच्चे को सुरक्षा, सहयोग और न्याय दिलाना है। दोनों हेल्पलाइनें पूरी निष्ठा और सेवा-भाव से कार्य करते हुए समय पर सहायता सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने 181 और 1098 टीम की प्रतिबद्धता को सराहते हुए भविष्य में कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फार्मेसी पंजीयन प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

**सीहोर।** अब ऑनलाइन प्रणाली से घर बैठे पंजीयन प्रमाणपत्र मेल और डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध होंगे। इससे पंजीयन प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है और लंबित मामलों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। विद्यार्थियों के आवेदन लगभग 50 प्रतिशत अपूर्ण हैं, जिन्हें समय पर पूरा करवाना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राइवेट विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की जिम्मेदारी है कि वे सभी विद्यार्थियों की सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। यदि गलती छात्रों की है तो उन्हें सुधार के लिये सूचित किया जाए और यदि संस्थान की लापरवाही है तो मान्यता एवं एफिलिएशन पर कार्रवाई करें। फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। विकसित और स्वस्थ भारत के लिए गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### लाड़ली बहनाः नवीन आवेदन की प्रक्रिया बंद

**सीहोर।** जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णतः बंद कर दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कुछ संगठन, यूनियन और अन्य लोग योजना के आवेदन भरवाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसा होने पर नागरिक जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क करें।

## यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय मालवीय के नेतृत्व में निकाली किसान स्वाभिमान तिरंगा वाहन रैली

# जिला युवा कांग्रेस ने निकाली किसान स्वाभिमान तिरंगा यात्रा, गांव-गांव पहुंचकर किया जागरूक

### किसानों की विभिन्न मांगों मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा





किसानों के सम्मान व राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्घ शंखनाद कर किसानों के स्वाभिमान व सम्मान में जिला यूथ कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में गोपालपुर से भैरुंदा तक किसान स्वाभिमान तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली का आयोजन जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल के नेतृत्व मे किसान स्वाभिमान वाहन रैली निकाली गई। यह यात्रा 11सितंबर गुरुवार को गोपालपुर ब्लाक से निकली गई। स्वाभिमान तिरंगा यात्रा गोपालपुर के बंजारी बालाजी मंदिर में युवा कांग्रेस व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हनुमान चालीसा पाठ से प्रारंभ हुई, जो क्षेत्र के इटावाकला, बासुदेव, गोरखपुर, सेमलपानी, निम्नागांव, रामनगर, गांवों से होती भैरूंदा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई दुर्गा चौक पर पहुंची। इस दौरान गांव से लेकर नगर तक लोगों ने वाहन रैली का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल ने ज्ञापन का बचान किया गया।

जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा भाजपा सरकार कहती हैं हम किसान हितैषी। किसान खाद किल्लत की किल्लत से जूझ रहा है। किसानों को खाद की जगह नहीं लाठियां बरसाई जा रही है। किसानों को मिली बीमा राशि भी उठ के मुंह में जीरा साबित हुई। किसानों का अपमान किया गया है। अति वृष्टि ओला वृष्टि से किसानों की सोयाबीन भी नष्ट हो गई। जिसका सर्व तक नहीं कराया गया। कई किसानों की खरीदी मूंग की राशि भी नहीं दी गई। किसान परेशान हैं, दर दर भटकने को मजबूत हैं। तिरंगे के साथ साथ किसान भी देश की शान है।

किसानों के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़नी है। किसानों के हित में 10सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। सरकार मांगे पूरी नहीं करती है तो उद्योग विधानसभा की सड़कों पर चक्का जाम कर कर लड़ाई लड़ेंगे।

**यूथ कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन :** गोपालपुर से भैरुंदा तक जिला यूथ कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में किसान स्वाभिमान तिरंगा वाहन रैली निकलकर तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री व केंद्रीय मंत्री शिवराज शिवराज सिंह के नाम तहसीलदार संदीप गौर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।



से किसान जूझ रहा है। अपने वादों से मुकरने वाली भाजपा सरकार सोयाबीन का उचित भाव तक नहीं दे पा रही। फसलें खराब होने के बाद फसलों का बीमा नहीं मिल रहा, इन सब किसानों की समस्याओं को कांग्रेस के नेतृत्व में किसान स्वाभिमान तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरानकांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं यूथ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल के टॉपर्स को मिली स्कूटी तो खिले चेहरे





**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार सीहोर जिले में शिक्षा सत्र 2024-25 में हॉयर सेकेण्ड्री विद्यालयों में अध्ययनरत रहकर माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल, द्वारा आयोजित हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा में सम्मिलित होकर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को स्कूटी की राशि प्रदाय की जावेगी। स्कूटी वितरण हेतु सीहोर जिले के पात्र 210 छात्र-छात्राओं को उनके बैंक खातों में लगभग दो करोड़ इक्तीस लाख रूपये की राशि स्थानांतरित की गई। शासन के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा दिये गये कोटेशन के आधार पर मोटराईज्ड स्कूटी के लिए 90,000 एवं ई-स्कूटी क्रय के लिए एक लाख बीस हजार रुपए की प्रदाय की जावेगी।

स्कूटी वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमावि सीहोर में विधायक सुदेश राय, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीहोर प्रिंस राठौर, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उमावि सुनीता जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प हार द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी से स्वागत उद्बोधन में सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर नरेश मेवाडा ने सभी छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन के साथ-साथ उत्साहवर्धन किया और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाऐं दी। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीहोर प्रिंस राठौर ने सीहोर जिले के समस्त लाभांवित होने वाले छात्र-छात्राओं को अपने प्रयासों की सफलता के लिए बधाई देकर सीहोर नगर को स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपर्ण भूमिका निर्वहन के लिए योगदान देने के लिए आव्हॉन किया। विधायक सुदेश राय ने प्रदेश सरकार और डॉ मोहन यादव के द्वारा किये जा रहे प्रयास तथा छात्रहित में किये जाने वाले कार्यो के लिए सराहनीय प्रयास को सभी के समक्ष अभिव्यक्त किया तथा सभी को बधाई देकर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके भविष्य निर्माण हेतु शुभकामनाऐं प्रेषित की। समस्त अतिथियों ने छात्र और छात्राओं को स्कूटी और स्वीकृति पत्र प्रदान किये जिसे पाकर छात्र एवं छात्राओं ने अपार खुशी के साथ शासन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन माधव सिंह यादव तथा आभार व्यक्त देवेन्द्र राय ने किया। इस अवसर पर दीप सिंह राठौर, राजेन्द्र देशमुख, जयकिशन जोशी, ओपी भावसार, अर्जून सिंह, अमृतलाल बिजावत, टी पन्ना, विनोद सैनी, नीरज त्यागी, जीतेन्द्र परमार, अरविंद पटेल, दिनेश मेवाडा, मुकेश मालवीय, उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

**इछावर।** नगर के सांदीपनि विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों का अतिथियों द्वारा शाल , श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा एवं आवासीय स्कूल सीहोर प्राचार्य आलोक शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सेवानिवृत शिक्षक, बंशीलाल सोनी, सीताराम यादव मोहनलाल तिवारी, डॉ.आर.आर.परमार,के.के. पालीवाल, महेश श्रीवास्तव,मोकम सिंह ठाकुर आदि शिक्षकों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने विद्यालय का वर्ष 2024 -25 का हाई स्कूल,सेकेंडरी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर समस्त स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, विशिष्ट अतिथि श्री शर्मा द्वारा विद्यालय के सेवानिवृत दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय आरडी शर्मा , स्वर्गीय एलएन शर्मा स्वर्गीय ओपी तिवारी, स्वर्गीय गिरधर शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर पूर्व अनुभव बच्चों के साथ साझा किया नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा प्राचार्य रविंद्र शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं स्टाफ की प्रशंसा की गई । कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर शिक्षिका मंजू राठौर,ओ. पी.सेन,अब्दुल कादिर हेमलता राठौर, श्वेता साहू, कपिल ठाकुर, जगदीश गुजराती,आकाश ताम्रकार,रमेश मालवीय, अलका मालवीय, संजय सेन, रश्मि चौहान एवं समस्त स्टाफ व गणमान्य नागरिक, पालक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे । स्कूल स्टॉफ द्वारा इस वर्ष भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने का संकल्प लिया ।




### कुबेरेश्वरधाम पर पितृपक्ष में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इन दिनों जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में इन दिनों प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने गुरुवार को बाबा को भोग लगाकर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। प्रसादी वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, वहीं शाम को महाआरती का आयोजन किया गया।

### विश्वकर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**सीहोर।** जिला प्रेस क्लब सीहोर के अध्यक्ष राकेश राय ने आज संगठन विस्तार की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए शैलेन्द्र विश्वकर्मा को सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है।इस नियुक्ति के साथ ही शैलेन्द्र विश्वकर्मा को संगठन को और मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रेस क्लब परिवार ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## लोक अदालत में विद्युत व जलकर के प्रकरणों में मिलेगी विशेष छूट

# नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कर समय, श्रम और धन बचाएंः प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले में 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के आयोजन के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण और न्याय पाने नेशनल लोक अदालत सबसे अच्छा माध्यम। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण से न केवल समय, श्रम और धन की बचत होती है, बल्कि समझौता आधार पर प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों और समाज में आपसी सौहार्द भी बना रहता है। प्रधान जिला न्यायाधीन श्री आर्य ने बताया कि 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य 2500 से अधिक तथा प्रीलिटिगेशन के 15000 हजार से अधिक प्रकरण रखे जा रहे हैं। इन प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में 24 खंडपीठ का गठन किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आर्य ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठायें और नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश स्वप्न श्री सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यालय सीहोर, तहसील न्यायालय आष्टा, भैरूंदा, बुधनी एवं इछावर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित 2500 से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग से संबंधित लगभग 15000 से अधिक प्रीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत के समक्ष रखे जायेगें। जिनकी संख्या लोक अदालत को बढ़ना संभावित है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर में 09, आष्टा में 05, भैरूंदा में 05, बुधनी में 03, इछावर में 01 एवं उपभोक्ता फोरम में 01, इस प्रकार कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिसमें विगत नेशनल लोक अदालत की तुलना में अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण संभावित है।



### विद्युत, बैंक व जलकर के प्री लिटिगेशन प्रकरणों में भारी छूट

शासन के उर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में सिविल दायित्व तथा ब्याज राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है एवं मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार जलकर एवं संपत्ति कर अधिभार में 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही बैंक के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में भी नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। इन सभी छूटों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### कृषि विशेषज्ञ की टीम ने सालीखेड़ा बीआरसी केंद्र का निरीक्षण किया



**सीहोर।** गुरुवार, 11 सितम्बर 2025 को ग्राम सालीखेड़ा में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 जिले के लगभग 80 कृषि विशेषज्ञों की टीम ने ग्राम पंचायत सालीखेड़ा में बीआरसी केंद्र का भ्रमण किया।। जिसमें जाना की किस प्रकार से किसान पठान सिंह सोलंकी द्वारा और अभय सिंह सोलंकी द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उनके अनुभवों को जाना। बीआरसी केंद्र में तकनीकी और प्रशिक्षण समर्थन संस्था के सहयोग से निर्मित बीआरसी केंद्र जिसमें एडवांस जीवामृत और कीट प्रबंधन हेतु निर्मित सारी दवाइयां के बारे में विस्तार से बताया गया। उनके परिणामों के बारे में बताया गया। एक्सपोजर विजिट में किसानों के अनुभव को भी चर्चा के दौरान अनुभवों को सुना गया और किस प्रकार की चुनौतियों का सामना कर प्राकृतिक जैविक खेती को अपना रहे है। उनके अनुभवों को समझा और किस प्रकार आगे प्राकृतिक खेती में हम सक्षम और आत्मनिर्भर बन सके उसके बारे में सभी ने जाना और सभी लोगों ने इस मॉडल की सराहना की ओर अभय सिंह सोलंकी को धन्यवाद प्रेषित किया कि आगे सभी जिलों में इस प्रकार के प्रयास किये जा सकते है। जिससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक खेती से मानव स्वास्थ्य में सुधार आता है। जहर मुक्त खेती करना होगा क्योंकि वर्तमान में निरंतर केंसर के मरीज बढ़ रहें है कृषि विशेषज्ञों की टीम द्वारा जैविक खेती कर रहे। कृषक श्री पठान सिंह सोलंकी का स्वागत भी किया गया जो पिछले 4 वर्षों से जैविक खेती का प्रयोग कर रहे हैं। श्री पठान सिंह सोलंकी ने निरीक्षण पर आए कृषि विशेषज्ञों को अपने अनुभव साझा किया।

**खबर संक्षेप**

## कस्बा में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा

**सीहोर।** शहर के कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर धर्मशाला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सात दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीमद भागवत कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास महंत उद्धाव दास महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष का सार का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि व्यक्ति को मृत्यु और भगवान का स्मरण जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण देता है, जिससे उसे अपने जीवन का मूल्य समझ आता है और हर क्षण का सदुपयोग करने की प्रेरणा मिलती है। इसके परिणामस्वरूप, वह क्षणभंगुर जीवन से विरक्ति प्राप्त कर और सांसारिक मोह-माया से दूर होकर ईश्वर की भक्ति में लीन हो सकता है, जिससे उसे शांति और मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। भागवत कथा के तीसरे दिन राजा परीक्षित को मोक्ष मिलने की कथा सुनाई और बताया कि शुकदेव जी और राजा परीक्षित के मिलन के बाद राजा को भागवत कथा का अमृत पान कराते हैं। इस कथा को सुनकर राजा परीक्षित का मन भौतिक संसार से हट जाता है और उन्हें जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है, जिसके बाद वे मोक्ष प्राप्त करते हैं। भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के मन के विकार दूर हो जाते हैं और सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कथा का वर्णन करते हुए महंत ने कहा कि वह कलिकाल के प्रभाव से ऋषि के गले में मरे हुए सर्प की माला डालने से श्राप ग्रसित हो गए।

### आष्टा तहसील की तीन ग्राम पंचायतें हुई नशामुक्त और डीजे मुक्त

# अब गांव में नहीं बिकेगी अवैध शराब और न ही बजेगा डीजे, ग्रामीणों ने ली शपथ

ग्राम बेदखेड़ी, सियाखेड़ी जफराबाद एवं मोलुखेड़ी के ग्रामवासियों ने सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश। अधिकारी करेंगे ग्रामीणों की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम बेदखेड़ी, सियाखेड़ी जफराबाद एवं मोलुखेड़ी के ग्रामवासियों ने सामाजिक जागरूकता एवं स्वस्थ समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्राम शराबबंदी लागू करने, डीजे पर प्रतिबंध लगाने तथा नशामुक्ति का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन टाले, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आकाश अमलकर एवं जनपद सीईओ अमित व्यास ग्राम सरपंच की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामवासियों को शपथ दिलाई गई।ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं शराब का सेवन नहीं करेंगे, बल्कि अपने गांव में अवैध शराब की बिक्री को भी पूरी तरह से समाप्त करेंगे। साथ ही, ग्रामवासियों ने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है, ताकि सामाजिक शांति एवं स्वस्थ मनोरंजन सुनिश्चित हो सके। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन टाले एवं जनपद सीईओ अमित व्यास द्वारा ग्रामवासियों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया तथा ग्रामों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने की प्रतिबद्धता जताई गई।पुलिस और प्रशासन ने इस पहल का पूर्ण समर्थन करते हुए ग्रामवासियों के इस साहसिक निर्णय की सराहना की। मौके पर पुलिस द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया कि यदि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री की सूचना प्राप्त होगी तो तत्काल सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस पहल को अन्य पंचायतों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण बताया गया।




## जिला स्तरीय जिम्मेदारियों को लेकर प्रदेश सचिव से मिले प्रदेश अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राष्ट्रीय जाट महासभा भारत मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील ठींगला, प्रदेश मंत्री कमलेश रियाड, देवास जिलाध्यक्ष दुर्गेश डॉगा आष्टा नगर में आयोजित सामाजिक बैठक में पहुंचे। बैठक के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील ठींगला प्रदेश सचिव धनंजय जाट अखिल भारतीय जाट महासभा युवा इकाई मध्य प्रदेश से कन्नौद रोड स्थित सोनी लॉज के सामने अल्प समय के लिए मिले। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय जाट महासभा भारत मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील ठींगला ने धनंजय जाट से सामाजिक चर्चा करते हुए, संगठन में जिला स्तरीय पद की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। चर्चा में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा का सिर्फ यही उद्देश्य है कि समाज के वरिष्ठ एवं कर्मठ युवाओं को अधिक से अधिक जोड़कर उन्हें दायित्व सौंपकर सामाजिक जिम्मेदारी सोपी जाए। इसी के साथ समाज में बढ़ रही रूडी प्रथाओं को खत्म करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है एवं और भी सही सामाजिक कार्यों पर पंचायत काम कर रही है। आगे उन्होंने समाज के युवा पत्रकार धनंजय जाट से यहां आशा जताई की आप भी संगठन से जुड़े एवं युवाओं को प्रेरित करें। इस पर धनंजय जाट ने कहा कि मैं इस पर अवश्य विचार करूंगा आगे उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जरूरी है कि समाज के युवाओं को जागरूक करना ताकि सभी समाज हित में कार्य कर सके एवं समाज में आजकल बढ़ रहे फिजूल खर्ची पर रोक लगाने के लिए एक दूसरे को जागरुक कर सके एवं ज्यादा से ज्यादा पढ़े लिखे एवं व्यापारी लाइन में आगे बढ़े। इस दौरान वहां उपस्थित प्रदेश मंत्री कमलेश रियाड, देवास जिला अध्यक्ष दुर्गेश डॉगा ने भी धनंजय जाट से कहां की आप समाज के जागरूक युवा है आप भी हमारे साथ काम करें, इसी के साथ रामनिवास लटियाल ने कहा कि धनंजय जाट हमेशा हर समय एक्टिव रहते हैं इनके दूर-दूर तक संबंध है एवं सभी से अच्छी खासी जान पहचान भी है, धनंजय के सभी के साथ बहुत मधुर संबंध है। साथ ही ये सामाजिक एवं अन्य संगठनों के पद पर कार्यरत रहकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## निर्माण कार्य रोकने श्री गहलोत मेवाडा राजपूत समाज और श्री राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री गहलोत मेवाडा राजपूत समाज एवं श्री राजपूत समाज के कार्यकर्ताओ ने आज अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीदार रामलाल पगारे को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के कार्यकर्ताओ ने बताया कि महाराणा प्रताप छात्रावास जो कि गहलोत राजपूत समाज के द्वारा चंदा इकठठा करके भवन का निर्माण किया गया।

उक्त भूमि को स्व. पटेल बाफुसिंह मेवाडा द्वारा दान दी गई थी। उक्त भूमि पर ही समाज के द्वारा निर्माण किया जा रहा है। अब उक्त भूमि भवन पर कुछ सामाजिक लोग अपने स्वार्थ के स्वरूप उक्त भवन को नियाज बनाकर स्वंय के निजी स्वार्थ व आजीवन सदस्य बनाकर समाज के कार्यकर्ताओ को धोखा देकर ट्रस्ट बना रहे है। जबकि पूर्व में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी साहब को एक आवेदन किया था जिसमें समाज की व्यवस्था की जानकारी नियमानुसार तीन वर्ष में व्यवस्था कार्यकारणी बदलती रहती है। हमें किसी भी नियाज की आवश्यकता नही है, हमारे समाज का संगठन रजिस्टर है जो कि ईमानदारी से कार्य कर रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से समाजजनो ने अपील की है कि जिन लोगो ने अपने निजी स्वार्थ के लिए नियाज के लिए जो आवेदन दिया गया है उसे खारिज करे। हमे किसी भी ट्रस्ट की आवश्यकता नही है। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से शिवनारायण पटेल, पत्रकार श्रीमल मेवाडा, अमरसिंह मेवाडा, पूर्व पार्षद भगवतसिंह, राजा मेवाडा,, नरेश राजपूत, अचलसिंह मेवाडा, राजेश मेवाडा कुलदीप सिंह लोरास, महेन्द्र मेवाडा, जितेन्द्र राजपूत, जसपाल राजपूत, अरूण राजपूत, विमल मेवाडा, जितेन्द्र मेवाडा, विक्रमसिंह मेवाडा,, चंदरसिंह, संतोष मेवाडा, सुमित मेवाडा, अनिल मेवाडा, सुनील मेवाडा सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडाल का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आगामी नवरात्रि महोत्सव की तैयारी को लेकर आष्टा नगर की सार्वजनिक नवदुर्गोत्सव समिति कुम्हार मोहल्ला भाऊ बाबा मंदिर पीपल चौक पर आचार्य नगरपुरोहित पंडित महेंद्र पाठक,पंडित मनीष पाठक व पंडित दीपेश पाठक के द्वारा माताजी के पंडाल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। नवरात्री महोत्सव में माता रानी के पंडाल स्तंभ एवं माता कक्ष का विधिवत पूजन मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहूर्त में कन्या व बटुक पूजन के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों के आतिथ्य में किया गया, समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की बुधवार को पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

इस वर्ष भाऊ बाबा मंदिर पीपल चौक समिति द्वारा भव्य और अद्वितीय पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ पारंपरिक धार्मिक सजावट की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगी।मुख्य रूप से यजमान व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर,पूर्व पार्षद शिवलाल प्रजापति, डॉ हरि सिंह ठाकुर,बसंत पाठक, मनोज ताम्रकार,मनीष धारवां, अंकुश सोनी, चेतन छाजेड़,ऋषि विश्वकर्मा,दिनेश बैरागी, यादव समाज अध्यक्ष पवन यादव,विनोद यादव, पवन सेन बुल्लू,गौरव सोनी व समिति के सदस्यों आदि में पूजन किया।

## ब्लॉक टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन टाले की अध्यक्षता मे राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस अभियान 23 सितंबर व मापप दिवस 26 सितंबर को मनाने के संबध मे अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान मे 1 वर्ष सै 19 वर्ष तक के समस्त बालक बालिकाएं एवं 19 वर्ष सै 49 वर्ष तक क़ी समस्त महिलाओ को ऐलबेण्डाजोल गोली का सेवन करवाया जाएगा। समस्त आंगनवाडी समस्त शासकीय शाला अशा. शाला मदरसे आदि मे इस गोली का सेवन करवाया जाएगा। इसके साथ ही जो शाला त्यागे बच्चे है उन्हें यह गोली आशा कार्यकर्ता द्वारा घर जाकर दीं जाएगी। बैठक मे मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित गणेश माथुर, अशोक अमलाकर एसडीओपी, अजब सिंह राजपूत बीआरसीसी, प्रमोद बीईओ, अनील गिर सीओ आदिम जाती कल्याण विभाग, कुलदीप शर्मा सीडीपीओ, राजकिशोरी सुपरवायजर महिला और बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग के बीईई, बीपी एम, बीसीएम, एमपीएस उपस्थित रहे। उपस्थित सभी को दिशा निर्देश देते हुये कहा कि सभी विभाग मिलकर कार्य करे। और सुनिश्चित करे कि सभी बच्चो व, 19 वर्ष सै 49 वर्ष आयु वर्ग कि महिलाओ को कृमीनाशक गोली खाने सै वंचित ना रहे इस हेतु प्रचार प्रसार करे एवं आमजन का सहयोग लिया जाए।

## भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



असूरों की शक्तियों में जब वृद्धि होती है, ऋषि मुनियो,तपस्वीयों को जब राक्षक सताने लगते है पूजापाठ में जब व्यवधान उत्पन्न होने लगता है तब धर्मध्वजा की स्थापना और सदपुरूषों की रक्षा के लिए भगवान नारायण इस पृथ्वीलोक पर अवतार लेते है। द्वापरयुग में जब राजा कंस ने अन्याय अत्याचार की सीमाऐं पार कर दी तब भगवान ने मथुरा के कारावास में अवतार लिया था,उक्त उद्धार शारदा गार्डन में पितृपक्ष निमित आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक प. आनंद मोहन शुक्ला ने व्यस्त किये। कथा पंडाल में गुरूवार को श्रद्धालुओं के द्वारा हर्षोउल्लास से श्रीकृष्णजन्मोत्सव मनाया गया।

पंडित शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग का उल्लेख करते हुये बताया कि मथुरा का राजा कंस अपनी बहन देवकी से अत्याधिक स्नेह करता था। उसने यदुवंशी वासुदेव से अपनी बहन का विवाह मथुरा राजमहल में धूमधाम से संपन्न करा दिया और जब वह स्नेहवश बहन देवकी को अपने ससुराल छोडऩे जा रहा था, तभी रास्ते में आकाशवाणी हुई कि जिस बहन देवकी को तू बड़े धूमधाम और स्नेह से छोडऩे जा रहा है उनकी आठवी संतान तुम्हारी मृत्यु का कारण बनेगी। दुष्ट कंस ने दोनों वासुदेव व माता देवकी को मथुरा के कारागृह में बंद कर दिया। जब प्रथम संतान का जन्म हुआ तो वासुदेव ने उन्हें राजा कंस को सौंपा, तब भांजि के मोह वश राजा कंस ने उसे छोड़ दिया किर नारद द्वारा भ्रमित करने पर कंस ने सभी संतानों को मार डालने का संकल्प लिया। भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान नारायण ने मध्यरात्रि में बालरूप में अवतार लिया। भगवान के जन्म के समय आकाश में सभी देवी देवताओं ने पुष्प वर्षा कर खुशियों मनाई। अचानक भगवान की लीला स्वरूप कारावास के ताले टूट गये सभी प्रहरी गहरी नींद में सौ गये। वासुदेव मूसलाधार बारिश में रात्रि के अंधेरे में भगवान को एक टोकरी में रखकर नंद बाबा और माता यशोदा के घर छोड़ के लिए निकल पड़े रास्ते में माता यमुना ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### नव दुर्गा उत्सव समिति ने नवरात्रि का 35वां उत्सव मनाने बैठक में की चर्चा

# लॉटरी निकालकर समिति का किया गठन, अध्यक्ष बने मनीष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शक्ति की भक्ति की उपासना का पर्व 22 सितंबर गुरुवार से शुरू हो रहा है। जिस को लेकर माता के भक्तों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। नवरात्रि को लेकर नव दुर्गा उत्सव समिति ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। वर्ष 1990 से जनता कॉलोनी मंडी में मां दुर्गा की स्थापना कर माता की भक्ति क्षेत्र के श्रद्धालुओं के द्वारा लगातार की जा रही है। इस बार 35 वें स्थापना की तैयारियों को लेकर समिति कें संरक्षक मनीष राय, अनिल वर्मा, अन्नू यादव, अरुण यादव, लीलाधर राठौर, विजय राठौर दिनेश राठौर, कमल राय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान लॉटरी पद्धति से पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिसमें समिति अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मनीष सोनी को सौंपी। वही उपाध्यक्ष दिव्यांश सोनी, पंडित बनवारी लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक गौर, सचिव नितिन राठौर, सह सचिव प्रशांत राठौर, सुरक्षा प्रभारी पिंटू राठौर, पंडाल प्रभारी विनोद राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप राठौर, संगठन प्रभारी देवेंद्र शर्मा, महामंत्री सोनू सोनी, मीडिया प्रभारी प्रकाश मालवीय, गोलू सोनी को नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान संरक्षकों ने अपने उद्बोधन में नवरात्रि पर्व को लेकर कहा कि सभी समिति सदस्य पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ माता की उपासना की तैयारी करे। हर साल की तरह इस साल भी पांडाल में सभी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करे। समिति के जिस भी सदस्य को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उस जिम्मेदारी को संभालकर अपनी सेवा दे।



बैठक के दौरान समिति ने हर साल की तरह इस साल भी नवरात्री के अंतिम दिन भंडारा आयोजित करने का निर्णय लिया। आयोजित हुई बैठक के दौरान उपस्थित रजत मालवीय, संदीप सेन, मनीष सेन, नितेश सेन, सन्नी राठौर सहित नव दुर्गा उत्सव समिति के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल की बैठक संपन्न




**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गईं जिसमें आगामी कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती तक चलने वाले 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा ओर सांसद खेल महोत्सव जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई जिसमें सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय है उनके जन्मदिवस को हम उत्सव के रूप में नहीं सेवा के माध्यम से मनाकर उनके विजन को जन जन तक पहुंचाए बैठक में मुख्य रूप से मंडल के प्रभारी जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल ,वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ,जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,खुमान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, नप अध्यक्षा मंजू वेद, प्रतिनिधि मनोज वेद, नप उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान ,वीणा जोशी, मान सिंह पटेल ,सौदान सिंह ,शिवम सोनी ,महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, कैलाश सोलंकी ,अजाप सेठ, तेज सिंह गुड्डू ,कृपाल सिंह बामुलिया ,पंकज जैन , हुकम विश्वकर्मा ,कैलाश मालवीय ,हेमंत गोयल, दिनेश पाटीदार ,अंगूर ठाकुर ,मोहन पाटीदार ,महेन पांचाल, पुराण कलेसरिया, संजय पांचाल, नीरज दरबार ,संजय मालवीय, मुकेश मकोडिया, देवकरण पाठुंडियां, पवन मालवीय एवं सभी बूथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।